भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +5080
सोमवार, 4 अप्रैल, 2022/14 चैत्र, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

चिकित्सा पर्यटन

+5080. श्री असादुद्दीन ओवैसीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में चिकित्सा पर्यटन में भारत की वैश्विक छवि बनाने हेतु चिकित्सा पर्यटन को मजबूती से बढ़ावा देने के पहल के तौर पर सरकार का भारत में उपचार नामक कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) अस्पतालों, उपचार, प्रक्रिया और समायोजन उपचार पर आने वाला खर्च आदि के बारे में सभी सूचनाएं उपलब्ध कराने के लिए एक डिजिटल प्लैटफार्म विकसित करने का सरकार का प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार के इस कदम से किस हद तक विदेशियों को चिकित्सा पर्यटन के लिए आकर्षित होने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड.) : जी, हां महोदय । देश में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति एवं रोडमैप तैयार किया है । इस कार्यनीति में निम्नलिखित प्रमुख स्तंभों को अभिज्ञात किया गया है :

(i) निरोगता गंतव्य के रूप में भारत के लिए एक ब्रांड का विकास
(ii) चिकित्सा तथा निरोगता पर्यटन के लिए इको-सिस्टम को सुदृढ़ बनाना
(iii) ऑनलाइन मेडिकल वैल्यू ट्रेवल (एमवीटी) पोर्टल की स्थापना द्वारा डिजिटलीकरण को संभव बनाना
(iv) मेडिकल वैल्यू ट्रेवल के लिए पहुंच में वृद्धि
(v) निरोगता पर्यटन का संवर्धन
(vi) शासन एवं संस्थागत कार्यढांचा

इस कार्यनीति दस्तावेज में ''हील इन इंडिया'' ब्रांड के तहत चिकित्सा एवं निरोगता पर्यटन गंतव्य के रूप में भारत की मार्केटिंग की परिकल्पना की गई है । ''हील इन इंडिया'' अभियान के तहत ब्रांड इंडिया के संवर्धन के लिए एकीकृत संप्रेषण कार्यनीति तैयार की जाएगी और उद्योग जगत के साथ साझेदारी में निष्पादित की जाएगी । इसका मंत्रालय के सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर तथा वैश्विक मीडिया अभियानों में अतुल्य भारत के उप ब्रांड के रूप में संवर्धन किया जाएगा ।

*****